>

Title: Need to complete the construcation work of Glass factory in Chitrakoot district, Uttar Pradesh.

*m01

MR. CHAIRMAN : Mr. R.K. Singh Patel, this matter regarding glass factory is a State matter and it is not to be raised here.

श्री आर.के.सिंह पटेल : महोदय, तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी ने एक ग्लास फैक्ट्री उत्तर प्रदेश के बरगढ़ इलाके में, जहां पर सिल्का सैंड मौजूद है, वहां उन्होंने अपने कार्यकाल में शिलान्यास किया था। करोड़ों रूपया भारत सरकार का उस फैक्ट्री के निर्माण में लगाया गया। वहां के किसानों के खेत भी एक्वायर किए गए थे। वह फैक्ट्री बनी हुई है। माननीय स्वर्गीय राजीव गांधी जी का सपना था कि उस फैक्ट्री से पिछड़े क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिलेगा और वह फैक्ट्री डेवलप की गई। उनके वंशज और अनुयायी इस सदन में मौजूद हैं, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि उस फैक्ट्री को तुरंत शुरू करवाया जाए। मशीनें आना बाकी हैं, जिन्हें लाकर, जो भी कमियां शेष हों, उन्हें दूर कर माननीय स्वर्गीय राजीव गांधी जी के सपने को साकार किया जाए।